# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

## विषय - यातायात जागरूकता

**नाम -** **कक्षा -**

**अनुक्रमांक -** 36

**रूपरेखा:-** प्रस्तावना, सड़क - सुरक्षा जीवन रक्षा, यातायात के नियम, सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम - उपसंहार

**प्रस्तावना:-** सड़क यातायात सुचारू रूप से हो सके इसके लिए कानून बनाए गए है। भारत में सडक के बायीं ओर चलने का नियम है। सड़कों पर भारी वाहनों को एक निर्धारित सीमा तक चलाया जा सकता है। चौराहो पर सिग्नल बात्तियाँ लगायी जाती है। जिससे सड़क जाम तथा दुर्घटना जैसी स्थितियों का कम से कम सामना करना पड़े। गतिशीलता जीवन है। और गतिहीनता मृत्यु। गतिशीलता जीवन को पल्लिवत पुष्पित तथा सौरभमय बना देता है। लेकिन थोड़ी- सी चूक हो जाने से हम अपने प्राण त्याग देते है।

आज हम अखबार की सुर्खियो मे हर दिन छपा मिलता है कि सड़क दुर्घटना मे इतने लोग मारे गए। आजकल हर मनुष्य जल्दीबाजी में रहता है जिन्दगी मानो रेस हो गयी है। कोई इन्तजार ही नहीं करना चाहता है। इसी बीच दुर्घटना घट जाती है। आज हर मनुष्य कि सड़क दुर्घटना के जिम्मेदार हम सभी है इसीलिए हम सबको सड़क सुरक्षा को जन - जन तक पहुंचाना चाहिए।

अरे मरना है तो अपने वतन के लिए मरो
इतनी लापरवाही करके मरने से क्या फायदा ?

Scanned By Scanner Go

**सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा:-** हमें सड़कों पर गाड़ी धीमी गति से चलानी चाहिए। गाड़ी को चलाते समय हेलमेट पहनना चाहिए। कार, ट्रक आदि वाहनों को चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। वाहनों को चलाते समय लाइसेंस जरूर रखे रहना चाहिए।

दुर्घटना पर लगेगा ताला,
जब पहनोगे सुरक्षा की माला।

## सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम:-

आम लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सरकार ने कार्यक्रम आयोजित किए हैं। जैसे-सेमिनार कार्यशाला पाठ्यक्रम आदि में सड़क सुरक्षा।

सड़क सुरक्षा का करो सम्मान
न होगी दुर्घटना न होंगे परेशान

**यातायात के नियम:-** सड़क किनारे हादसे, चोट तथा मृत्यु को टालने के लिए यातायात के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। लगभग 42% मामले पैदल चलने वाले और एक तरफ की सड़क का इस्तेमाल करने वाले हैं।

दुर्घटना से देर भली।

**सड़क ~~दुर्घटना~~ दुर्घटना के दुष्प्रभाव:-** यदि किसी घर का व्यक्ति सड़क दुर्घटना में मर जाता है तो उनके परिवार वाले बहुत दुखी होते हैं। कभी-कभी वे उस व्यक्ति के मरने पर आत्महत्या करने लगते हैं। इसीलिए हमे गाड़ी तेजी गति से नहीं चलानी चाहिए।

Scanned By Scanner Go

PAGE No
DATE

## सड़क दुर्घटना के कारण:- सड़क दुर्घटना के निम्न-लिखीत कारण है -

1. जल्दबाजी में गाड़ी चलाना।
2. खराब सडकें
3. अन्धा मोड़
4. ओवर टेक

**1. जल्दबाजी में गाड़ी चलाना:-** आजकल हर मनुष्य जल्दबाजी मे रहता है। और इसी जल्दबाजी के कारण वह दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है।

**2. खराब सड़कें:-** खराब सडको की वजह से भी लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

**3. अन्धामोड़:-** बहुत सी सडको के मोड़ को अन्धामोड़ के नाम से जाना जाता है। इसमें सामने आने वाली वाहक दिखाई नही देती है।

**4. ओवरटेक:-** बहुत से लोग सामने चलने वाली गाड़ी के पीछे रहते है और उनसे आगे निकलने के लिए ओवरटेक का इस्तेमाल करते है और इसी बीच वे दुर्घटना के शिकार हो जाते है।

5. रफ्तार में गाड़ी चलाने वाले व्यक्ति दिखाने के लिए गाड़ी तेज चलाते है और वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है।
6. यातायात के नियमो का ज्ञान न होना।
7. यातायात के नियमो का पालन न करना।
8. हमारे छत्तीसगढ़ मे लोग नशे में गाड़ी चलाते है और नशे मे वे दूसरी गाड़ी से लड़ जाते है और दोनों व्यक्ति घायल हो जाते है। इसलिए वे भी सिग्नलों का भी ध्यान नहीं देते है और उनके ऊपर जुर्माना लगाया जाता है।

Scanned By Scanner Go

## सड़क दुर्घटना से बचने के लिए सरकार द्वारा किया गया प्रयास:- 

समय-समय पर सड़को की मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। सड़को पर लाइटें लगवायी जा रही है जिससे यातायात सुविधा मे कोई बाधा न हो। लाइटे सड़को पर लगवायी जा रही है ताकि अंधेरा न हो। सड़को की योजना के तहत पक्की सड़को का निर्माण किया जा रहा है। यातायात नियम में शासन कड़े हो गए है। सी सी कैमरा जगहों पर लगवाया जा रहा है। भीड़ वाले स्थानो पर सिग्नल बत्तियाँ तथा जेब्रा क्रांसिग बनाए जा रहे है। इन नियमो का पालन न करने वाले के ऊपर जुर्माना होगा। पैदल चलने वाले यात्रियो के लिए भूमिगत पार पथ तथा फुटपाथ बनाए जा रहे है जिससे व्यक्तियो को चलने में आसानी हो। हेलमेट अनिवार्य है।

## उपसंहार:- 

जान है तो जहान है। सड़क दुर्घटना का निश्चित रूप से हम सभी जिम्मेदार है। अगर हर नागरिक यह मान ले कि हमें यातायात नियमो का पालन करना ही है तो सड़क दुर्घटना में कमी हो जाएगी। जीवन अमूल्य है। सड़को पर सिग्नल की बत्तियों का ज्ञान होना जरूरी है। हरा आगे बढ़ने, पीला तैयार होने तथा लाल रुकने की ओर इशारा करती है। गाड़ी चलाते समय यदि रुकना पड़े तो हमें सड़क के बायीं ओर रुकना चाहिए। अगर हम यातायात संकेत रेखांकन आदि नियमों का पालन करे तो हम इन सभी दुर्घटनाओं से बच सकते है।

सड़क सुरक्षा को अपनाएँ,
जीवन को खुशहाल बनाएँ।

Scanned By Scanner Go